**संख्या-65/2023/I/312201/2023/001-71-2099-627-2021**

प्रेषक,

अशोक कुमार,
विशेष सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

निदेशक,
एस0जी0पी0जी0आई0,
लखनऊ।

चिकित्सा शिक्षा अनुभाग-2 लखनऊ : दिनांक 08 मई, 2023

विषय:-वित्तीय वर्ष 2023-24 में एस0जी0पी0जी0आई0 लखनऊ में निर्माणाधीन एडवांस आप्थेलमोलोजी भवन के तृतीय एवं चतुर्थ तल पर एडवांस डायबिटिक सेन्टर की प्रायोजना हेतु तृतीय किश्त की धनराशि अवमुक्त किये जाने के सम्बन्ध में।

---

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्र संख्या-पी0जी0आई0/सिविल/अभि0/एन0बी0-116/2020-21/160 /2023, दिनांक 26.04.2023 का कृपया सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा एस0जी0पी0जी0आई0 लखनऊ में निर्माणाधीन एडवांस आप्थेलमोलोजी भवन के तृतीय एवं चतुर्थ तल पर एडवांस डायबिटिक सेन्टर के निर्माण कार्य की प्रायोजना हेतु तृतीय किश्त की धनराशि अवमुक्त किए जाने का अनुरोध किया गया है।

2- उल्लेखनीय है कि शासनादेश संख्या-67/2021/1/74334/2021-71-2099/627 /2021, दिनांक 25 जून, 2021 द्वारा उक्त परियोजना हेतु लागत रू0 4091.38 लाख की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति निर्गत करते हुए प्रथम किश्त की धनराशि रू0 1022.845 लाख एवं शासनादेश संख्या-117/2022/I/212570/2022/001-71-2099-627-2021, दिनांक 14 सितंबर, 2022 द्वारा द्वितीय किस्त की धनराशि रू0 1022.845 लाख अर्थात कुल रू0 2045.690 लाख अवमुक्त की गयी है।

3- इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि चालू वित्तीय वर्ष 2023-24 में संस्थान परिसर में निर्माणाधीन एडवांस आप्थलमोलोजी भवन के तृतीय एवं चतुर्थ तल पर एडवांस डायबिटिक सेन्टर की स्थापना हेतु तृतीय किश्त के रूप में रू0 1022.845 लाख (रूपये दस करोड बाईस लाख चौरासी हजार पॉच सौ मात्र) की

---

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

धनराशि अवमुक्त किये जाने की श्री राज्यपाल महोदय सहर्ष स्वीकृति निम्नलिखित शर्तो/प्रतिबन्धों के अधीन प्रदान करते हैं:-

**<u>नियम व शर्ते / प्रतिबन्धों</u>**

1. सुसंगत नियमों और प्राविधानों का पालन करते हुए पारदर्शी प्रक्रिया के तहत प्राक्कलन में निर्धारित विशिष्टयों के अनुरूप समयबद्ध रूप से गुणवत्तापूर्ण कार्य कराया जाना सुनिश्चित किया जाए। प्रस्तावित समस्त कार्यो की गुणवत्ता व आडिट की जिम्मेदारी निदेशक, संस्थान की होगी।
2. प्रश्नगत कार्य की वित्तीय एवं भौतिक प्रगति से शासन को प्रत्येक माह अवगत कराते हुए यथासमय कार्यदायी संस्था/संस्थान सक्षम स्तर का अनुमोदन प्राप्त करते हुए उपयोगिता प्रमाण-पत्र शासन/ महालेखाकार को उपलब्ध कराया जायेगा।
3. अवमुक्त धनराशि का आहरण एवं व्यय आवश्यकतानुसार एवं नियमानुसार किया जायेगा। स्वीकृत धनराशि को आहरित कर बैंक/डाकघर में नहीं रखा जायेगा।
4. आगणन में वर्णित लेबर सेस की कुल धनराशि इस शर्त के अधीन होगी कि श्रम विभाग को उक्त धनराशि का भुगतान किया जाय।
5. कार्यदायी संस्थाय को 03 माह की आवश्यगकता के अनुसार धनराशि अवमुक्तत की जायेगी। संस्थान के वित्त नियंत्रक का यह दायित्वो होगा कि धनराशि का कोषागार से आहरण 03-03 माह की आवश्य्कता के अनुसार ही किया जाए।
6. शासनादेश संख्या-67/2021/1/74334/2021-71-2099/627/2021, दिनांक 25 जून, 2021 में उल्लिखित शर्तो का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।
7. वित्त विभाग के कार्यालय-ज्ञाप संख्या-2/2023/बी-1-227/दस-2023-231/2023, दिनांक 17 मार्च, 2023 में उल्लिखित दिशा-निर्देशों के अनुपालन का दायित्व निदेशक, संस्थान एवं वित्त नियंत्रक का होगा।
8. धनराशि को कोषागार से वित्त नियंत्रक, एस0जी0पी0जी0आई0, लखनऊ द्वारा आहरित किया जायेगा एवं बिलों पर महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उ0प्र0 लखनऊ के प्रतिहस्ताक्षर प्राप्त किये जायेंगे।

4- इस संबंध में होने वाला व्यय रुपये 10,22,84,500 (रुपये दस करोड़ बाईस लाख चौरासी हजार पांच सौ मात्र) को चालू वित्तीय वर्ष 2023-24 के आय-व्ययक मे **अनुदान संख्या** 031 **लेखा शीर्षक** 4210031050300 संजय गांधी स्नातकोत्तर आर्युविज्ञान संस्थान लखनऊ **मानक मद** 24 वृहत् निर्माण कार्य के नामे डाला जायेगा।

---

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

5- यह आदेश वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या-2/2023/बी-1-227/दस-2023-231/2023, दिनांक-17-मार्च, 2023 में प्रशासकीय विभाग को उक्तवत प्रतिनिधानित अधिकार के अंतर्गत निर्गत किये जा रहे है।

भवदीय,

(अशोक कुमार)
विशेष सचिव।

**संख्या-65/2023/।/312201/2023/001-71-2099-627-2021, तद्दिनांक।**

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1. महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) प्रथम/द्वितीय, उत्तर प्रदेश प्रयागराज।
2. महालेखाकार (लेखा परीक्षा) प्रथम/द्वितीय, उत्तर प्रदेश, लखनऊ/प्रयागराज।
3. निदेशक, स्थानीय निधि लेखा परीक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश, प्रयागराज।
4. नोडल अधिकारी, बजट आवंटन चिकित्सा् शिक्षा विभाग, उ0प्र0 शासन।
5. महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उ0प्र0 लखनऊ।
6. मुख्य कोषाधिकारी, कलेक्ट्रेट लखनऊ।
7. वित्त अधिकारी, संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान, लखनऊ।
8. महाप्रबन्धक/परियोजना प्रबन्धक, उ0प्र0रा0नि0नि0लि0 लखनऊ
9. वित्त ई-3/वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-2
10. गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(अरविन्द कुमार चौबे)
अनु सचिव।

http://-

---

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।